/ 2020 ...धिकारी, गुडामालानी (बाड़मेर)

...अधिकारी श्री प्रमोद कुमार आर.ए.एस

प्रार्थीगण

1. लाडूराम पुत्र खेताराम
2. मधू पत्नी लाडूराम

जाति विश्नोई साकिन बारूडी तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर

बनाम

विप्रार्थीगण

1. तहसीलदार गुड़ामालानी

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम

–:: आदेश ::–

दिनांक :– 15/10/21

प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 बाबत् तरमीम दुरस्ती का विप्रार्थीगण के विरूद्ध पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की खातेदारी का खेत ग्राम बारूडी पटवार क्षेत्र भाखरपुरा तहसील गुड़ामालानी में मूल खसरा संख्या 323 रकबा 27–00 बीघा किस्म बारानी दोयम का आया हुआ था जिसमें से रकबा 1–00 बीघा भूमि राजस्थान सरकार को स्कूल बनाने के लिये समर्पण की गई जिसके खसरा संख्या 332/2 हैं तथा 0–07 बीघा भूमि राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण की गई जिसके खसरा नम्बर 323/2 हैं तथा प्रार्थीगण के पास शेष भूमि 25–13 बीघा रही जिसके खसरा संख्या 323/1 हैं।

प्रार्थीगण द्वारा 20 रोज पूर्व अपनी खातेदारी भूमि का नाप करवाया तो ज्ञात हुआ कि स्कूल का भवन व चारदीवारी जहां प्रार्थीगण द्वारा भूमि समर्पण की गई थी उस स्थान से हटकर बनी हुई है। मौके पर बनी स्कूल भवन व चारदीवारी की तरमीम व स्कूल भवन हेतु समर्पण की भूमि की तरमीम में भिन्नता है। इसलिये तरमीम दुस्ती हेतु उक्त प्रार्थना पत्र श्रीमान के न्यायालय में लाना आवश्यक होने से पेश किया गया।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। विप्रार्थी [illegible]क तहसीलदार गुड़ामालानी से तथ्यात्मक रिर्पोट ली गई। तह[illegible] गुड़ामालानी द्वारा अपनी रिर्पोट कमांक 126 दिनांक 22.01.2021 पेश [illegible] किया कि ग्राम बारूडी के खेत खसरा नम्बर 323/1 रकबा 27–00 बीघा के खातेदार द्वारा 1–00 बीघा भूमि का राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्[illegible] किया गया। वक्त स[illegible]भूमि जिसका नामान्तरण संख्या 447 द्वारा खसरा नम्बर 323/2 रकबा 1–00 बीघा रेकर्ड में कायम हुआ, जिसकी तरमीम लट्ठा ट्रेस में समर्पण आदेश के संलग्न नक्शा में

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.01.14 10:28:39 IST
Reason: SelfAttested

(प्रमोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, गुड़ामालानी
शिविर प्रभारी
प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
...पंचायत समिति गुड़ामालानी/आडेल

प्रस्तावित स्थान पर ही की गई है, परन्तु वर्तमान में विद्यालय भवन व चारदीवारी समर्पण भूमि से मौके पर हटकर संलग्न नक्शे में दर्शित बरंग हरे स्थान पर बनी हुई है। मौके पर विद्यालय भवन व चारदीवारी का निर्माण होने से खसरा नम्बर 323/2 रकबा 1–00 बीघा की तरमीम मौका कब्जा अनुसार नक्शे में दर्शित बरंग हरे से दर्शित स्थान पर शुद्ध किया जाना प्रस्तावित है।

पत्रावली आज प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 केम्प ग्राम पंचायत मुख्यालय सिंधासवा चौहान (अजा का फांटा) पेश हुई। भूमिधारक तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पुनः अपनी रिर्पोट कमांक 02 दिनांक 14.10.2021 प्रस्तुत कर पूर्व में प्रेषित रिर्पोट कमांक 126 दिनांक 22.01.2021 सही होना व उसी अनुसार तरमीम दुरुस्ती किये जाने की अनुशंषा की गई।

हमने मजमेआज जानकारी ली तथा पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात एवं विप्रार्थी भूमिधारक तहसीलदार गुड़ामालानी की रिर्पोट का गहराई से अवलोकन व अध्ययन किया। चूंकि तहसीलदार गुड़ामालानी ने अपनी रिर्पोट में मौके पर बने विद्यालय भवन व चारदीवारी एवं वर्तमान तरमीम में भिन्नता होने पर तरमीम दुरुस्ती की अनुशंषा की है तथा प्रार्थीगण के अधिवक्ता, तहसीलदार गुड़ामालानी की रिर्पोट अनुसार तरमीम दुरूस्त कराने हेतु सहमत हैं। चूंकि प्रस्तावित तरमीम अनुसार विद्यालय का निर्माण भी हो चुका है, ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर माफिक तहसीलदार की रिर्पोट कमांकः भू0अ0/2021/126 दिनांक 22.01.2021 के संलग्न मौका रिर्पोट व नजरी नक्शा अनुसार ग्राम बारूडी के मूल खसरा नम्बर 323 में विद्यालय के लिये समर्पित खसरा नम्बर 323/ रकबा 1–00 बीघा की तरमीम दुरूस्त करने तथा इसी अनुसार रेकर्ड दुरस्त करने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार गुड़ामालानी की उक्त मौका रिर्पोट भू0अ0/2021/126 दिनांक 22.01.2021 निर्णय का अभिन्न रहेगा। तहसीलदार गुड़ामालानी आदेशों की पालना कर पालना रिर्पोट एक माह में पेश करे। खर्चा पक्षकारान अपना अपना स्वयं वहन करें। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(प्रमोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी

आदेश आज दिनांक **14.10.2021** को प्रशासन गावों के संग अभियान ग्राम पंचायत मुख्यालय सिंधासवा चौहान (अजा का फांटा) में खुले न्यायालय मजमेआम सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.01.14 10:28:39 IST
Reason: SelfAttested

(प्रमोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी

(प्रमोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, गुड़ामालानी
शिविर प्रभारी
प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
पंचायत समिति गुड़ामालानी/आडेल